**For authorizing to the Board of Directors for issuance of Warrants Convertible into Equity Shares of Rs. 10/- each on a Preferential Basis to the Promoter's and Promoters Group of the Company.**

1. **For Point No. 11 at Page No. 29: Certificate of Practicing Company Secretary:**
   The existing paragraph be and is hereby substituted by the following:-
   ***"The Company has obtained the certificate from M/s Ishan Jain & Co., Company Secretaries, (FCS: 9978; C.P. No. 13032) Indore, certifying that the Preferential Issue is being made in accordance with the requirements contained in the SEBI (ICDR) Regulations. The certificate shall be made available online for inspection to the Members at the meeting and is made available on the following weblink https://comsyn.com/wp-content/uploads/2026/09/CS_Certificate_Annexure_IV.pdf."***

The Members/Shareholders of the Company are requested to please read the Explanatory Statement for the Agenda Item No. 6 as per aforesaid Corrigendum as an integral part of the Notice of the AGM dated 5th September, 2026 sent to all the members through electronic mode and necessary corrigendum and being also published in the newspapers as per requirements of the applicable law/SEBI (LODR) Regulations, 2015 and also submitted with the BSE Ltd. and NSE and hosted at the website of the Company and available at the Registered Office of the Company for inspection till the date of the Meeting.

**For, COMMERCIAL SYN BAGS LIMITED**

**Place: Indore** — **SANDEEP PATEL**
**Date: 22nd September, 2026** — **COMPANY SECRETARY**

## FORM No. IV
**[See Sub Rule 2(A) of Rule 5]**

## DEBTS RECOVERY TRIBUNAL AT JABALPUR

**2nd & 3rd Floor, BSNL Building, Near Head Post Office, Civil Lines, Jabalpur (M.P.) 482001**

**O.A. No. 862 OF 2023**

**CANARA BANK** — Applicant (s)

Versus

**M/S HAJI ABDUL JAHUR HAJI ABDUL GANI & OTHERS** — Defendant (s)

To

1. M/s. Haji Abdul Jahur Haji Abdul Gani, A proprietorship concern through its proprietor Shri Abdul Jahur, situated at 253, A.B. Road, New Aalo Pyaj Mandi, **INDORE (M.P.)**.
2. Shri Abdul Jahur, Son of Shri Abdul Gani, proprietor of M/s. Haji Abdul Jahur Haji Abdul Gani, Resident of House No. 6/4, A.B. Road, Kanya Shala Kshetra, Ward No.6, Rau, Pigdamber, **INDORE (M.P.)**.
3. Smt. Naseem Bee, Wife of Shri Abdul Jahur, Resident of House No. 6/4, A. B. Road, Kanya Shala Kshetra, Ward No.6, Rau, Pigdamber, **INDORE (M.P.)**.
**Also at -** House No.671/672, A.B. Road, Rau, **INDORE (M.P.)**.
4. Shri Jahid Hussain, Son of Shri Haji Abdul Jahur, Resident of House No. 6/4, A. B. Road, Kanya Shala Kshetra, Ward No.6, Rau, Pigdamber, **INDORE (M.P.)**.

Whereas OA No 862/2023 was listed before Hon'ble Presiding Officer.
Whereas, this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/notice on the said application under Section 19 (4) of the Act (OA) filed against you for recovery debts of **Rs. 1,43,61,283.34.** In accordance with sub-section (4) of Section 19 of the Act, you the Defendants are directed as under:

1. To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.
2. To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under Serial no. 3A of the Original Application.
3. You are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under Serial no. 3A of the Original Application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
4. You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under Serial no. 3A of the Original Application without the prior approval of the Tribunal.
5. You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institution holding security interest over such assets.
6. You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar **27.01.2027 on 10:30 A.M.** at failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Given under my hand and seal of the Tribunal on this the 11th Day September 2026.

(SEAL)

**AUTHORISED OFFICE,**
**DRT, JABALPUR**

## एक नजर

### बाईपास पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक की टक्कर, मौत

**तेजाजी नगर में हादसा; पत्नी और बेटी से मिलकर लौट रहा था सुमित, ट्रैक्टर चालक फरार**



इंदौर,(नप्र)। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में चमेली देवी कॉलेज के पास सोमवार देर रात बाईपास पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकराने से 28 वर्षीय किसान की मौत हो गई। सुमित अपनी पत्नी और डेढ़ माह की बेटी से ससुराल में मिलकर बाइक से गांव लौट रहे थे। हादसे के बाद उन्हें गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**ससुराल से गांव लौटते समय हुआ हादसा**

तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान दतोड़ा निवासी सुमित (28) पुत्र मुकेश राजपूत के रूप में हुई है। सुमित किसान थे। वे पत्नी और डेढ़ माह की बेटी से मिलने रालामंडल स्थित ससुराल गए थे। रात करीब 11 बजे बाइक से गांव दतोड़ा लौटते समय चमेली देवी कॉलेज के पास ब्रिज पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी बाइक टकरा गई।

**अंधेरे में नहीं दिखी ट्रैक्टर-ट्रॉली=** पुलिस के मुताबिक, ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना किसी सांकेतिक लाइट या इंडिकेटर के खड़ी थी। अंधेरा होने के कारण सुमित को ट्रॉली दिखाई नहीं दी और बाइक सीधे उससे टकरा गई। हादसे में सुमित के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से उन्हें एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

**दो साल पहले हुई थी शादी-** परिजनों के मुताबिक, सुमित की शादी दो साल पहले हुई थी। कुछ समय पहले ही उनकी पत्नी ने बेटी को जन्म दिया था। परिवार में माता-पिता और एक छोटा भाई है। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, चालक की तलाश-** तेजाजी नगर पुलिस ने मौके से लावारिस हालत में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। मामला दर्ज कर फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

### फॉर्च्यूनर सवारों ने की मारपीट

**राजा रघुवंशी हत्याकांड मे आरोपी रहे शिलोम ओर उनकी पत्नी से विवाद**

इंदौर,(नप्र)। लसूडिया थाना क्षेत्र में सड़क पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। बॉम्बे अस्पताल चौराहे पर बीच सड़क खड़ी फॉर्च्यूनर कार के ड्रायवर और उसमें सवार लोगों ने हॉर्न बजाने की बात पर एक महिला से अभद्रता की। जब महिला के पति ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ जमकर मारपीट की। पीडित राजा रघुवंशी हत्याकांड मे आरोपी रह चुका है। जिसे बाद मे कोर्ट ने बरी कर दिया था। लसूडिया पुलिस ने सोमवार को एक एफआईआर की है।

घटनाक्रम 19 सितंबर 2026 की दरमियानी रात 2 से 3 बजे के बीच की है। पीड़ित शिलोम जेम्स (28) की शिकायत पर प्राथमिक जांच के बाद 21 सितंबर की रात 9:25 बजे फॉर्च्यूनर चालक और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

**बीच सड़क खड़ी थी फॉर्च्यूनर, रास्ता मांगने पर विवाद-** पीड़ित शिलोम जेम्स ने पुलिस को बताया कि वे अपनी पत्नी सोनाली ओर साली जूही को रेलवे स्टेशन छोडने जा रहा था। उनके के साथ जैन नाश्ता सेंटर बॉम्बे अस्पताल चौराहा के पास से गुजर रहे थे। तभी सड़क के बीचों-बीच एक फॉर्च्यूनर कार टढ 19`छ 3169 खड़ी दिखाई दी। उनकी पत्नी ने कार हटाने का संकेत देने के लिए हॉर्न बजाया, लेकिन फॉर्च्यूनर ड्रायवर ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

**महिला से बदतमीजी, पति को लात-घूसों से पीटा-** जब गाड़ी नहीं हटी, तो पीड़ित की पत्नी कार से उतरकर फॉर्च्यूनर चालक के पास गई। फॉर्च्यूनर में तीन पुरुष और एक महिला बैठे हुए थे। कार में सवार लोग महिला को देखते ही उससे अभद्रता और गाली-गलौज करने लगे।

पत्नी को घिरा देख शिलोम भी तुरंत कार से नीचे उतरे। उन्होंने देखा कि आरोपी मिलकर उनकी पत्नी के साथ अभद्रता कर रहे है। जब शिलोम ने उन्हें रोका, तो आरोपियों ने उन्हें घेर लिया उनकह लात-घूसों से उनकी पिटाई कर दी।

# दूसरी मंजिल से लिफ्ट गिरी, 7 घायल

## रहवासी के यहां पंजाब से आए 6 मेहमान घायल, एक को पैर में गंभीर चोट

इंदौर,(नप्र)। मंगलवार को नवलखा स्थित स्नेह नगर के एक कॉम्प्लेक्स में ओवरलोड होने से लिफ्ट दूसरी मंजिल से नीचे गिर गई। हादसे में लिफ्ट में सवार 7 लोग घायल हो गए। इनमें एक व्यक्ति के पैर में गंभीर चोट आई है। घायलों में पंजाब से इंदौर आए 6 मेहमान भी शामिल हैं। सभी को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है बिल्डिंग करीब 50 साल से अधिक पुरानी है।

टीआई अनिल गुप्ता के मुताबिक घटना मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे की है। स्नेह नगर के नवलखा कॉम्प्लेक्स में यह हादसा हुआ। अंकित ढीगरा गंभीर घायल हुए हैं। वहीं, मनोज ढीगरा के यहां पंजाब से आए 6 मेहमान भी घायल हुए हैं।सूचना मिलने के बाद टीआई और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टीआई के मुताबिक बिल्डिंग काफी पुरानी है और यहां मेंटेनेंस का काम भी बाकी है। लिफ्ट दूसरी मंजिल से नीचे गिरी थी।

**ओवरलोड होने की वजह से हुआ हादसा-** चौकीदार लखन ने बताया कि लिफ्ट ओवरलोड हो गई थी। आवाज आने के बाद अंदर



मौजूद लोग चिल्लाने लगे। इसके बाद वे बचाने के लिए पहुंचे। लिफ्ट में 7 लोग सवार थे, जो मुलाकात करने आए थे।

### ये लोग हुए घायल

इस हादसे में अंकित पुत्र सोहन ढिगरा, मुस्कान खीर, हरविंदर कुमार,रमेश कुमार,शुभम,आशा और अनिता घायल है। अंकित को ज्यादा चोट आई है सभी सेकंड फ्लोर से नीचे आ रहे थे।

### पहले भी गिर चुकी है

कॉम्प्लेक्स में चार ब्लॉक हैं। यहां लगी लिफ्ट करीब 40 साल पुरानी है। लिफ्ट के बाहर नोटिस भी लगा है, जिसमें अधिकतम 4 लोगों के जाने की चेतावनी दी गई है। इसके बावजूद हादसे के समय 7 लोग लिफ्ट के अंदर चले गए। ऊब्लॉक में भी लिफ्ट पहले भी दो बार गिर चुकी है। बताया जा रहा है कि काफी समय से लोग लिफ्ट के मेंटेनेंस की राशि नहीं दे रहे हैं।

# बस में बैठने से पहले पकड़ी गई नाइजीरियाई महिला

### इंदौर में डाआईआर ने पकड़ा; 1.19 करोड़ का एम्फेटामाइन और एमडीएमए की गोलियां जब्त



इंदौर,(नप्र)। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआईआर) ने इंदौर में मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में एक नाइजीरियाई महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के सामान से 1.4 किलो से अधिक मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। जब्त ड्रग्स की अनुमानित अवैध बाजार कीमत करीब 1.19 करोड़ रुपए है।

कार्रवाई 21 सितंबर 2026 को विजय उद्योग नगर क्षेत्र में तीन इमली चौराहे के पास स्थित पर्पल बस ट्रैवल एजेंसी पर की गई। डीआईआर को सूचना मिली थी कि इंदौर से बस के जरिए पुणे जाने वाली एक विदेशी महिला यात्री अपने सामान में मादक पदार्थ लेकर जा रही है।

**डफेल बैग में मिले अलग-अलग पैकेट-** सूचना के आधार पर डीआईआर अधिकारियों ने महिला को रोककर उसके गहरे नीले रंग के डफेल बैग की तलाशी ली। बैग में कई पॉलीथिन पैकेट मिले। इनमें सफेद क्रिस्टलीय पदार्थ और अलग-अलग रंग की गोलियां थीं।

अधिकारियों ने फील्ड ड्रग डिटेक्शन किट से पदार्थों की जांच की। जांच में इनमें एम्फेटामाइन, एक्स्टेसी और हाइड्रोपोनिक गांजा होने की पुष्टि हुई।

**क्या-क्या मिला?**

1,120 ग्राम एम्फेटामाइन पाउडर/क्रिस्टलीय रूप में 296 ग्राम एम्फेटामाइन/ (एक्स्टेसी) की गोलियां

**10 ग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा-** कुल जब्त ड्रग्स की अनुमानित अवैध बाजार कीमत 1.19 करोड़ रुपए

डीआईआर ने नाइजीरियाई महिला को स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। एजेंसी अब ड्रग्स की तस्करी से जुड़े नेटवर्क और महिला के संपर्कों की भी जांच कर रही है।



# 6.80 लाख की आनलाइन ठगी करने वाले पकड़ाए

### विजयनगर और छत्तीसगढ़ पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

इंदौर। आपरेशन साइबर प्रहार के तहत विजयनगर पुलिस और छत्तीसगढ साइबर पुलिस की संयुक्त टीम ने महासमुंद में 6.80 लाख की ठगी करने वाले शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर िलया है। छत्तीसगढ पुलिस गिरफ्त में आए बदमाशों को अपने साथ लेकर रवाना हो गई।

एसीपी पराग सैनी ने बताया कि महासुमंद में हुई 6.80 लाख की ठगी में वहां के थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छत्तीसगढ पुलिस ने इंदौर पुलिस से संपर्क किया और आरोपियों को पकड ? में सहयोग मांगा। इसके बाद विजयनगर पुलिस के साथ संयुक्त टीम बनाई गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, काल डिटेल एवं बैंक खातों के आधार पर आरोपियों की लोकेशन इंदौर क्षेत्रम` ट्रेस की तथा घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्त में आए बदमाशों के नाम ऋषि राठौर पिता शैलैंद्र निवासी सीहोर और जितेंद्र शर्मा और विश्वजीत पिता ओमप्रकाश शर्मा निवासी सीहोर को गिरफ्तार किया। अब छत्तीसगढ पुलिस गिरफ्त में आए बदमाशों को अपने साथ लेकर रवाना हो गई है वहां सायबर फ्रांड के संबंध में पूछताछ की जाएगी।

# आर्मी में वार्निश सप्लाई का ऑर्डर दिलाने को लेकर ठगी

## व्यापारी से अलग-अलग खातों में 8.50 लाख रुपए ट्रांसफर कराए, पुलिस ने शुरू की जांच

इंदौर,(नप्र)। छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र में आर्मी के लिए वार्निश सप्लाई का ऑर्डर देने के नाम पर व्यापारी से 8 लाख 55 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को फोर्स का अधिकारी बताकर व्यापारी को विश्वास में लिया और फर्जी दस्तावेज व नंबर भेजकर उसके खाते से अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर करवा ली। ठगी का पता माल भेजने के बाद चला। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, प्रवीण कुमार मोदी का वृंदा एंटरप्राइजेज नाम से ऑफिस है, जहां ट्रेडिंग का काम होता है। प्रवीण ने शिकायत में बताया कि 16 सितंबर को उनके मोबाइल पर कुणाल चौधरी नाम के व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को फोर्स का अधिकारी बताते हुए कहा कि आर्मी में वार्निश की जरूरत है।

इसके बाद आरोपी ने वार्निश का फोटो भेजने के साथ महू आर्मी का नाम, पता और जीएसटी नंबर भेजा। व्यापारी को दस्तावेज सही लगे तो आरोपी ने प्रोफॉर्मा बिल बनाकर भेज दिया। इसके बाद ऑर्डर भी कन्फर्म कर दिया गया और अगले दिन माल भेजने की बात कही।

**जीएसटी नंबर सही निकला तो आरोपी पर हुआ भरोसा**

आरोपी ने व्यापारी से माल लोडिंग गाड़ी से भेजने को कहा। प्रवीण ने महू आर्मी के पर्चेस ऑर्डर में दिए जीएसटी नंबर को पोर्टल पर चेक किया तो वह सही मिला। इसके बाद आरोपी ने कैंटीन महू का नंबर देकर वेंडर वेरिफिकेशन कराने की बात कही।

आरोप है कि इसके बाद ऑर्डर की रकम देने के नाम पर आरोपी ने व्यापारी से उतनी ही रकम का ट्रांजेक्शन करने को कहा। उसकी बातों में आकर प्रवीण के बैंक खाते से अलग-अलग खातों में 8.55 लाख रुपए ट्रांसफर हो गए।

**माल भेजने पर खुला फर्जी ऑर्डर का राज**

रकम ट्रांसफर करने के बाद जब व्यापारी ने माल भेजा तो पता चला कि महू आर्मी की ओर से ऐसा कोई ऑर्डर जारी ही नहीं किया गया था। इसके बाद उन्हें ठगी का पता चला। व्यापारी ने छोटी ग्वालटोली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर बैंक खातों और मोबाइल नंबरों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# इंदौर में जलापूर्ति और सीवरेज दोनों की रफ्तार धीमी

### - मंजूरियों के फेर में विकास की रफ्तार धीमी, कई प्रोजेक्ट अटके

इंदौर। प्रदेश के बड़े शहरों में जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्था सुधारने के लिए चल रहे 6,637 करोड़ रुपये से ज्यादा के शहरी प्रोजेक्ट मंजूरियों और जमीन से जुड़े मामलों के कारण अटक रहे हैं। पिछले दिनों भोपाल में हुई समीक्षा बैठक में इंदौर समेत 13 नगरीय निकायों की 23 ऐसी परियोजनाओं की स्थिति सामने आई है, जिनकी लागत 100 करोड़ रुपये से अधिक है। समीक्षा बैठक से यह जानकारी सामने आई है की इंदौर में जलापूर्ति और सीवरेज दोनों की रफ्तार धीमी है।

जानकारी के मुताबिक समीक्षा में सामने आया कि इंदौर जलापूर्ति पैकेज-2 की लागत 448.22 करोड़ रुपये है, लेकिन इसकी वास्तविक प्रगति सिर्फ 1 प्रतिशत दर्ज की गई है। जबकि राजधानी भोपाल में भी बड़े प्रोजेक्ट धीमी रफ्तार से चल रहे हैं। 582.31 करोड़ रुपए की भोपाल जलापूर्ति परियोजना की वास्तविक प्रगति करीब 24.5 प्रतिशत है।

**इंदौर में जलापूर्ति और सीवरेज दोनों की रफ्तार धीमी-** बताया गया है की इंदौर जलापूर्ति पैकेज-1 पर 800.20 करोड़ रुपए खर्च होने हैं। इसकी वास्तविक प्रगति 18.49 प्रतिशत दर्ज की गई है। शहर की सीवरेज व्यवस्था से जुड़े 331.85 करोड़ रुपए के पैकेज-1 में 27.41 प्रतिशत काम हुआ है। वहीं, 145.07 करोड़ रुपए की लागत वाले इंदौर सीवरेज पैकेज-2 की वास्तविक प्रगति 18.70 प्रतिशत है।

**Change in Name**

I MOHAMMAD ARQAM ABDULLAH here by Declare that i have changed my name as MOHAMMAD ARQAM KHAN S/O MOHAMMAD AFTAB KHAN so, from now and in future i will be known by my new name.
MOHAMMAD ARQAM KHAN
S/O MOHAMMAD AFTAB KHAN
ADD:191, KHIZRABAD COLONY KHAJRANA, INDORE(M.P)

**विज्ञप्ती**

सर्व साधारण को सूचित किया जाताहै कि हमारे पक्षकार अलका राठौर पति स्व. पूलसिंह राठौर मकान नं. 2769/2 के कब्जे एवं उत्तराधिकारी नाते उक्त मकान का सौदा मनोहरलाल सालिया सजे से कर दिया गया है यह कि उक्त मकान जी. एल. आर. के अनुसार अलका के सुसर के नाम पर है। अमरसिंह पिता स्व. बालकिशन राठौर के नाम पर है। उक्त मकानके सौदे करने का पूर्ण अधिकार अलका राठौर को है। यदि किसी व्यक्ति को इस मकान के बेचने पर आपत्ति हो तो एक सप्ताह के अर्न्तगत निम्नानुसार मेरे अधिवक्ता से संपर्क करे ।जिनका नाम निम्नानुसार है एवं पता
दिनांक 22.9.2026
अब्दुल हबीब रडवोकेट
न्यायालय परिसर महू जिला इन्दौर म.प्र.
मो. नं. 99936-61584

**न्यायालय तहसीलदार तहसील भिचौलीहप्सी इंदौर**
इन्दौर, दिनांक 11/09/2026
क्रमांक/3503/रीडर/2026
प्रकरण क्र.1172/अ-6/2026-27
उद्घोषणा
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामसिंह पिता भीमसिंह राणावत निवासी-31/3 न्यू पलासिया इंदौर द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विक्रय पत्र क्रमांक A1 3787 ख दिनांक 28/10/1998 के आधार पर ग्राम भिचौलीहप्सी स्थित भूमि सर्वे नंबर 63/3/2, 61/3/2/4 रकबा 0. 042, 0.0420 हेक्टेयर भूमि पर अनावेदक श्रीमती सोनाली ग्रह निर्माण सह. संस्था मर्यादित तर्फे अध्यक्ष गोविंद पिता भंवरलाल जी शर्मा निवासी 52 श्रद्वानंद मार्ग इंदौर के स्थान पर राजस्व रिकार्ड में नामांतरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 28.9.2026. तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 11/09/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।
तहसीलदार
तहसील भिचौलीहप्सी, इन्दौर

**कार्यालय नगर पालिका निगम**
**इन्दौर झोन क्र 21**
**जाहिर सूचना**
जन साधारण को सुचित किया जाता है की (1) श्री मनमोहन राजेन्द्र सिह सिद्धु (2) श्री संतोष कुमार मिल्कीराम गंगवानी के स्वामित्व के भुखंड क्र 5 A वैशाली नगर इंदौर पर 50.0 sqm व्यवसायिक हेतु अनुमति विकास योजना क्र. 2021 मिश्रीत उपयोग नियमन कंडिका क्र 6.10.10 बिन्दु क्र 05 में अंकित प्रावधान अनुसार मिश्रीत उपयोग हेतु भवन अनुज्ञा प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सुचना प्रकाशन के सात दिन में भवन अधिकारी के पास अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रस्तुत करे, समयावधी समाप्त होने के पश्चात यह माना जायेगा की किसी को कोई आपत्ति नहीं है एवं नगर निगम द्वारा प्रस्ताव अनुसार भवन अनुज्ञा जारी करने की अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।
**भवन अधिकारी**
**झोन क्र.21 इन्दौर**

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील भिचौलीहप्सी, इंदौर**
क्रमांक/3505/रीडर/2026
इन्दौर, दिनांक: 11.09.2026
प्रकरण क्र. 1171/ए-6/2026-27
उद्घोषणा
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती राधा पति अशोक कुमार अग्रवाल** निवासी 17, अग्रवाल नगर, ओल्ड पलासिया, इंदौर द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विक्रय-पत्र क्रमांक MP179132022A1000159 दिनांक 03.01.2022 के आधार पर **ग्राम भिचौली मर्दाना स्थित भूमि सर्वे नंबर 84/2/49 रकबा 0.064 हैक्टेयर भूमि** पर अनावेदक **श्रीमती मीनादेवी पति संजय कुमार अग्रवाल** निवासी अग्रवाल कारपोरेट हाउस, 1, संजना पार्क, भिचौली मर्दाना, इंदौर के स्थान पर राजस्व रिकॉर्ड में नामांतरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है। अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 28.09.2026 तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 11.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।
तहसीलदार
तहसील भिचौली हप्सी, इन्दौर

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील भिचौलीहप्सी, जिला इन्दौर**
प्रशासनिक संकुल कक्ष क्रमांक-जी-8
क्रमांक/737/रीडर / 2026
इन्दौर, दिनांक : 15/09/2026
प्रकरण क्रमांकः-0730/1-6/2026-27
-:: उद्घोषणा ::-
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / क्रेता शेख मोहम्मद सलीम पिता श्री शेख मोहम्मद यूनुस पता 53/1, नंदलालपुरा, इंदौर ने पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक MP7IGR 17512026 A100980787 दिनांक 10/08/2026 के आधार पर ग्राम-कैलोदकर्ताल तहसील भिचौलीहप्सी जिला इंदौर स्थित सर्वे नंबर 294 रकबा 0.121 हे., सर्वे नंबर 295/1 रकबा 0.526 हे., सर्वे नंबर 296/1 रकबा 0.767 हे., सर्वे नंबर 305 रकबा 0.138 हे., सर्वे नंबर 306 रकबा 0.267 हे. सर्वे नंबर 307 रकबा 0.312 हे., सर्वे नंबर 308 रकबा 0.543 हे. भूमि पर अनावेदक/विक्रेता नवदुर्गा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, इंदौर द्वारा परिसमापक नवदुर्गा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित श्रम शिविर जेन रोड, इंदौर द्वारा पंचम अपर जिला न्यायाधीश महोदय, इंदौर तर्फे अधिकृत श्रीमती नीलम सिंह कश्यप पति श्री रणजीत सिंह कश्यप निवासी 167-सी, वैभव नगर एक्स. दिल खुश पार्क के पास, इंदौर कनाडिया रोड, इंदौर के स्थान पर आवेदक/क्रेता का नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया।अतः उक्त के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक ३०/०१/26 तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 15/09/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी। मो.नं. 9826028005
अतिरिक्त तहसीलदार तहसील
भिचौलीहप्सी, इन्दौर

**Commercial Syn Bags Limited**
CIN: L25202MP1984PLC002669
Registered Office: Commercial House, 3-4, Jaora Compound, M.Y.H. Road, Indore -452001, M.P. INDIA
Ph. +91-731-2704007,4279525 Fax: +91-731-2704130 E-Mail: cs@comsyn.com, Visit at : www. Comsyn.com

**Corrigendum to the Notice of the 42nd Annual General Meeting**

We hereby draw the attention of all the members of **Commercial Syn Bags Limited ("the company")** towards the notice of the 42nd Annual General Meeting (AGM) of the Members of the Company dated 5th September, 2026 issued for convening the 42nd Annual General Meeting of the Members of the Company scheduled to be held on, **Tuesday, 29th September, 2026** at **5.30 P.M.** through Video Conferencing (VC)/Other Audio Visual Means (OVAM) and for that purposes the Registered Office of the Company situated at **Commercial House, 3-4, Jaora Compound, M.Y.H. Road, Indore (M.P.) 452001** shall be deemed as the venue for the Meeting and the proceedings of the Annual General Meeting.

The company has filed an application for seeking in-principle approval for issuance of warrants on preferential basis with the National Stock Exchange of India Limited (NSE) vide Case No. 57337 and BSE Limited (BSE) vide Case No. 280180 on dated 7th September, 2026 where the equity shares of Rs. 10/- each of the Company are listed. In the process for providing in-principle approval for issuance of warrants BSE has on dated 16th September, 2026 through Listing Portal of BSE communicated their observations and directed the Company to issue a **corrigendum for the Explanatory Statement pertaining to the Agenda Item No. 6 of the Notice** which needs to be considered as an integral part of the Notice of AGM dated 5th September, 2026. Therefore, the following corrigendum is being issued by the Company which shall form an integral part of the Notice of the 42nd AGM dated 5th September, 2026.
All the members/shareholders of the Company, Registrar and Share Transfer Agents, Agencies appointed for E-voting, other authorities and regulators and all other concerned persons as the case may be are requested to take note of the below mentioned corrigendum and act accordingly.

**CORRIGENDUM**
**To the Notice for Holding the 42nd Annual General Meeting to be held on Tuesday, the 29th September, 2026 at 5.30 P.M.**

**In the matter of Agenda Item No. 6**: As per the observations raised by the BSE, as stated above while scrutiny of the documents for providing in-principle approval for issuances upto 3,25,000 warrants of Rs.283/- (Rs. Two Hundred Eighty Three only) each convertible into equity shares of Rs. 10/- (Rs. Ten only) each at a premium of Rs.273/- (Rs. Two Hundred Seventy Three Only) per share for every warrant on preferential basis to the Promoters and Promoter Group.
**Corrigendum on the Explanatory Statement for the Agenda Item No. 6:**
**For authorizing to the Board of Directors for issuance of Warrants Convertible into Equity Shares of Rs. 10/- each on a Preferential Basis to the Promoter's and Promoters Group of the Company.**
1. **For Point No. 11 at Page No. 29: Certificate of Practicing Company Secretary:**
The existing paragraph be and is hereby substituted by the following:-
***"The Company has obtained the certificate from M/s Ishan Jain & Co., Company Secretaries, (FCS: 9978; C.P. No. 13032) Indore, certifying that the Preferential Issue is being made in accordance with the requirements contained in the SEBI (ICDR) Regulations. The certificate shall be made available online for inspection to the Members at the meeting and is made available on the following weblink https://comsyn.com/wp-content/uploads/2026/09/CS_Certificate_Annexure_IV.pdf."***
The Members/Shareholders of the Company are requested to please read the Explanatory Statement for the Agenda Item No. 6 as per aforesaid Corrigendum as an integral part of the Notice of the AGM dated 5th September, 2026 sent to all the members through electronic mode and necessary corrigendum and being also published in the newspapers as per requirements of the applicable law/SEBI (LODR) Regulations, 2015 and also submitted with the BSE Ltd. and NSE and hosted at the website of the Company and available at the Registered Office of the Company for inspection till the date of the Meeting.
**For, COMMERCIAL SYN BAGS LIMITED**
Place: Indore
Date: 22nd September, 2026
SANDEEP PATEL
COMPANY SECRETARY

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, उज्जैन**
क्रमांक : अन्यकर/2026/102 उज्जैन, दिनांकः 16/9/26
**द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण**
नगर पालिक निगम, उज्जैन अंतर्गत वार्ड क्रमांक 38 में जीरो पाईंट ओव्हर ब्रिज के नीचे (पाटीदार अस्पताल के सामने) स्थित वाहन पार्किंग शुल्क वसूली का ठेका कब्जा दिनांक से आगामी 01 वर्ष के लिये तत्पश्चात संबंधित ठेकेदार के द्वारा सफल ठेका संचालन को दृष्टिगत रखते हुए ठेका अवधि अधिकतम 02 वर्ष नियमानुसार ठेका राशि में 10% वृद्धित करते हुए 1-1 वर्ष की वृद्धि की जा सकेगी, के लिये ई-निविदा जारी की गई है तथा ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 03.10.2026 सांय 06:00 बजे तक है एवं ई-निविदा खोली जाने की दि. 05.10.2026 प्रातः 11:30 बजे होकर आवेदन शुल्क 2,000/- रू. है एवं संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| स्थान का नाम व विवरण | अमानत राशि | ई-निविदा आई.डी. | न्यूनतम आरक्षित राशि |
|---|---|---|---|
| जीरो पाईंट ओव्हर ब्रिज के नीचे (पाटीदार अस्पताल के सामने) स्थित वाहन पार्किंग शुल्क वसूली का ठेका | 3,500/- | 2026_UAD_530122_2 | 39,800/- |

1) ई-निविदा में भाग लेने वाले व्यक्ति / संस्था सर्वप्रथम नगर पालिक निगम, उज्जैन की वेबसाईट http://nagar-nigamujjain.org/ पर जाकर उक्त वाहन पार्किंग शुल्क वसूली के ठेके की विस्तृत जानकारी व ई-निविदा आई.डी. को देखकर निविदाकार मध्य प्रदेश शासन की वेबसाईट के ई-निविदा पोर्टल www.mptenders.gov.in/ पर ई-निविदा प्रस्तुत कर सकता है। 2) ई-निविदा से संबंधित जानकारी निगम मुख्यालय के कार्यालय, राजस्व विभाग (अन्यकर), कक्ष क्रमांक 135 छत्रपति शिवाजी भवन, आगर रोड़, नगर पालिक निगम, उज्जैन पर देखी जा सकती है।
अपर आयुक्त (अन्यकर)
नगर पालिक निगम, उज्जैन
उज्जैन, दिनांकः 16.9 2026